सार-समाचार

सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

कपासन, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी पी जोशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत से ही केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है ।सांसद सीपी जोशी ने बुधवार को कपासन विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सांसद ने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में कहीं ऐतिहासिक निर्णय किये। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान का विदेश में सम्मान बढ़ा तथा विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन में कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आठाह किया। मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि एस आर वाटिका में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 45 वर्ष के कार्यकाल में ही लंबे समय से केंद्र में सरकार के रूप में कार्य कर रही है, तथा अधिकतम राज्य में पार्टी की सरकारे है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों को मंडल एवं बूथ स्तर तक संपन्न करने हैं। विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल ने दोनों वर्षों के बजट में कपासन विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात दी है इन सौगातो के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र का चहूंमुखी विकास होगा। उन्होंने अपने सवा वर्ष के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों को कार्यकर्ता के सामने रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में धन की कोई कमी नहीं रहेगी। सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संगठन संभाग प्रभारी हेमंत विजयवर्गीय, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चंडालिया, जिला महामंत्री देवी सिंह राणावत, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला जीनगर ,पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, भोपाल सागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल अहीर आदि ने संबोधित करते हुए भाजपा की स्थापना से लगाकर अब तक के कालखंड से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इससे पूर्व सांसद जोशी, जिला अध्यक्ष गाडरी एवं विधायक जीनगर ने भारत माता ,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

पालना झुलाने उमड़े श्रद्धालु

डूंगरपुर, (निसं)। श्री जैन नवयुवक मण्डल मण्डल के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत गुरूवार को भौर में जब धर्म ध्वजा के साथ प्रभात फेरी गेपसागर की पाल से रवाना होकर शहर की गलियों से गुजरी से अलसुबह ही गिरीनगरी में अहिंसा के पूजारी भगवान महावीर के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममयी हो गया तथा वीर प्रभु के जयकारो से गुंज उठा। इसके पश्चात प्रभातफेरी गेपसागर की पाल से प्रारंभ होकर पुराना अस्पताल, सोनिया चौक, माणक चौक, फौज का बडला, घाटी, हडमत पोल, वखारिया चौक, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट से होते हुए गेपसागर पाल पर पहुंची। जहां पर सकल जैन संघ की उपस्थिति में नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष राजेश डेन्डू द्वारा धर्म ध्वजा फहराई गई तथा बच्चों द्वारा ध्वजवंदना की गई। प्रातः 9 बजे महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत श्री जैन नवयुवक मण्डल एवं सकल जैन समाज के तत्वावधान में घाटी स्थित युगल जिनालय, नेमिनाथ मल्लिनाथ तथा महावीर स्वामी मंदिर से श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में जब भगवान की पालकी रवाना हुई तो वरघोडे में माता त्रिशला द्वारा देखे गये 14 स्पनों की झांकी, अश्वों पर सवार नन्हें मुन्हे बालक तथा गंधकुटी में विराजित श्रीजी को श्वेत वस्त्र धारण किये युवा भगवान की पालकी लेकर जब पारम्परिक वाद्य यंत्र व बेण्ड की मधुर स्वर लहरियों जब वरघोडा फौज के बडले से रवाना हुआ तो महावीर के जयकारों से गूंज उठा। वरघोडा माणक चौक, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट होता हुआ पुराना अस्पताल पहुंचा। इस दौरान राह में जगह जगह धर्म प्रेमियो ने भगवान के पालकी की अगवानी की। पुराना अस्पताल पर विभिन्न महिला मण्डलों व नवयुवक मण्डलों द्वारा प्रभु स्तुति गीतो पर झूमे। वरघोडा पुराना अस्पताल से कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार माणक चौक, फौज का बडला होते हुए घाटी स्थित जिनालय पहुंची जहां लाभार्थी परिवारों द्वारा भगवान की पालकी को जिनालय में प्रतिस्थापित किया।

सिल्वर का प्रोडक्शन 15 गुना बढ़ाया

जयपुर/उदयपुर, (कासं)। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 23 साल पहले भारत की ग्रोथ का एक नया दौर शुरू हुआ था। जैसे क्रिटिकल मेटल की डिमांड हाई थी, पर प्रोडक्शन बहुत कम। उस समय भारत, जकि इम्पोर्ट करता था, और उस पर 40 प्रतिशत की भारी ड्यूटी लगती थी। सौभाग्यवश, 2002 में सरकार ने एक बोल्ड स्टेप लिया, हिन्दुस्तान जिंक को प्राइवेटाइज किया और वेदांता को मौका दिया।बस एक ही साल में, बिना किसी रिट्रेंचमेंट के, टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट्स की मदद से, प्रॉफिट 113.58 प्रतिशत बढ गया। आज, मुझे गर्व है यह कहने में, कि 'हिन्दुस्तान जकि लिमिटेड' भारत की ही नहीं, संसार की लार्जेस्ट इंटीग्रेटेड जकि प्रोड्यूसर है। भारत में सिल्वर का भी प्रोडक्शन बहुत कम था, पर हमारे इंजीनियर्स और एक्सपर्ट्स ने अनुसंधान कर, सिल्वर का प्रोडक्शन भारत में 15 गुना बढाया। राजस्थान में लाखों लोगों को रोजगार मिला और 1000० से अधिक एलाइड इंडस्ट्रीज खडी हो गईं । आज तक,हिन्दुस्तान जिंक ने देश के खजाने में लगभग 1.7 लाख करोड रूपयों का योगदान दिया है। आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण में सुधार हुआ, और राजस्थान जैसा सनशाइन स्टेट और भी चमक उठा।

मनरेगा का समय बदला

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर एवं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक नमित मेहता ने एक आदेश जारी कर गर्मी के मौसम के मद्देनजर मनरेगा कार्य समय में बदलाव किया है। आदेश के अनुसार गर्मी के मौसम के मद्देनजर मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों का समय सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया है। इसमें विश्रामकाल शामिल नहीं रहेगा। यह व्यवस्था 15 जुलाई या मानसून आने तक प्रभावी रहेगी। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो यह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में दर्ज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के बाद कार्यस्थल छोड़ सकता है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत आज आएंगे उदयपुर

उदयपुर, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत 11 अप्रेल को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत शुक्रवार सुबह 11 बजे विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से 11.50 बजे जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि परिसर डबोक पहुंच कर दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। शेखावत दोपहर 2.40 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचकर 3.20 बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

भगवान महावीर पुस्तक वितरण

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल पर भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जिनेंद्र शास्त्री ने विशाल स्वागत द्वार लगवाया जिसके निचे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त तार्किक विद्वान डॉक्टर हुकमचंद भारिलू, जयपुर द्वारा लिखित 2424 तीर्थंकर भगवान महावीर पुस्तिक शोभायात्रा में वितरित की। वितरण में लक्ष्मीचंद भोरावत, राजमल टीमरवा,पुष्पा देवी जैन, भानुदेवी जैन, डॉ. सीमा जैन समता जैन, मनोहर भोरावत, विश्वास जैन,आर्जव जैन आदि का सहयोग रहा।

शोभायात्रा में गूंजे त्रिशला नंदन भगवान महावीर के जयकारे

उदयपुर, (कासं)। सकल जैन समाज उदयपुर की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में जैन समाज के 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा एवं दूपहिया विशाल वाहन रैली का आयोजन हुआ।

शोभायात्रा नगर निगम प्रांगण से रवाना हुई भगवान महावीर स्वामी के जयकारें से पुरा नगर निगम प्रांगण गुंज उठा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान महावीर के सिद्धान्तों एवं कतृव्यों पर विभिन्न संगठनों द्वारा बनाई

■ **भगवान महावीर स्वामी के जयकारों से गूंजी लेकसिटी**

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर वाहन रैली निकली व महावीर सेवा संस्थान फतहपुरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंजाब राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शिरकत की।

गई 15 झांकियां रही। शोभायात्रा में अहिंसा का संदेश देते हुए पैदल चलते हुए एकता का संदेश देते हुए जैन समाज के अनैकों संगठन शामिल हुए। युवक-यवुतियों द्वारा 1855 से अधिक दुपहिया भव्य वाहन रैली निकाली गई जो अपने आप में नया इतिहास रचने वाली थी। शोभायात्रा में सभी पुरूष श्वेत परिधान एवं महिलाएं चुदड में तीन-तीन की कतार में भगवान के जयकारें लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया।

महावीर जैन परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि गुरुवार प्रातः 8.30 बजे निगम प्रांगण से महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की शोभायात्रा दशा हुमड दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के द्वारा झंडारोहण से प्रारंभ हुई। ध्वजारोहण समारोह में पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों को मेवाड परम्परा अनुसार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

फत्तावत ने बताया कि शोभायात्रा नगर निगम प्रांगण से प्रारंभ हुई जो सूरजपोल, बापूबाजार, मंडी की नाल, भडभूजा घाटी, घंटाघर, मोती चौहट्टा, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, देहलीगेट होते हुए पुनः नगर निगम प्रांगण में पहुंची। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हाथी, 11 घोडे, 11 बैण्ड, 41 स्केटिंग वाले बच्चें, 1008 दुपहिया वाहन, 21 झांकियां, रथ, सप्त किरण रथ आदि मुख्य होंगे। शोभायात्रा के मार्ग में 108 स्वागत द्वार एवं 31 से अधिक स्थानों पर प्रभावना के काउंटर लगे। सबसे पीछे सफाई रथ भी व्यवस्था की दृष्टि से चलता रहा जो मार्ग में प्रभावना के बाद बिखरा कचरा साफ करते चल रहा था। संयोजक सुधीर चित्तौडा ने बताया कि शोभायात्रा का संचालन जैन जागृति सेन्टर उदयपुर ने किया। शोभायात्रा के प्रारम्भ में एक एस्कॉर्ट जीप जो रूट क्लीयर करते हुए चल रही थी जिसमें चार बच्चे मिलिट्री ड्रेस में देशभक्ति का संदेश दे रहे थे। महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा के तत्वावधान में 2624 वा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने बताया जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत दोपहर में धर्म सभा में डॉ हर्षप्रभा जी मा. सा., जिज्ञासा श्री जी मा. सा., रमणीक कंवर जी मा. सा. का सानिध्य प्राप्त हुआ। धर्मसभा में साध्वी श्रीजी ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर भगवान महावीर के संघर्ष, उपदेश पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पंजाब राज्य के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, विशिष्ठ अतिथि अरूण मंडोत, चेयरमैन जेएसजीआईएफ मेवाड़ रीजन, पारस ढेलावत, इलेक्ट चेयरमैन मेवाड़ रीजन ने इस वर्ष तपस्या करने वाले श्रावक श्राविकाओं का माला एवं उपरना पहनाकर अभिनंदन किया। संस्थान अध्यक्ष महेश पोरवाल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने गत वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया।

पिम्स में एक सप्ताह में दो बच्चियों की सफल सर्जरी

उदयपुर, (कासं)। 10 अप्रेल। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉसिपटल उमरडा में एक सप्ताह के भीतर लीवर-पित्त संबंधी (हिपेटो बिलियरी) की दो बडी सफल सर्जरी हुई है।

पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि सिरोही व डूंगरपुर निवासी 7-8 साल की दो बच्चियों में पेट दर्द की लगातार शिकायत के चलते हुई जांचों में दुर्लभ व बडी बीमारी कोलीडोकल सिस्ट का पता चला। यह बीमारी कोई एक से डेढ लाख लोगों में किसी एक को हो सकती है। इस बीमारी में लीवर से पित्त ले जाने वाली नली में जन्म से विकृति होती है। इसके कारण यह नली गुब्बारे की तरफ फूल जाती है। पित्त नहीं बहता है। पीलिया हो सकता है। पेट दर्द व उल्टी की समस्या रहती है जिससे आगे चलकर यह बीमारी कैंसर में तब्दील हो सकती है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन तमाम जटिलताओं से भरा होता है। खराब नली को निकालकर तीन जगह आंतें व लीवर की सर्जरी कर नई नली बनाई जाती है। लगभग पांच घंटे चले प्रत्येक ऑपरेशन के बाद अब बच्चियां पूर्णतः स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। ऑपरेशन की इस लंबी प्रक्रिया में डॉ. मिश्रा के अलावा निश्चेतना विभाग के डॉ. त्यागी, डॉ. पीनू, डॉ. अनिल, डॉ. केतकी, डॉ. महावीर व स्टाफ अरूण, हरीश, अशोक, जीशान आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि दोनों बच्चियों का इलाज पिम्स हॉस्पिटल में निःशुल्क किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में कई जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक हुई है। पिम्स हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

पिम्स में दो बच्चियों की सफल सर्जरी हुई।

बाल विवाह रोकने का लिया संकल्प

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई से जुड़े संबंधित विभाग एवं संस्थाओं की सामूहिक बैठक में आखातीज एवं पीपल पूर्णिमा को होने वाले बालविवाह की संभावनाओं को लेकर बाल विवाह रोकने का संकल्प जताया गया। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने सवाल किया कि आखिर बाल विवाह की नौबत क्यों आती है इस विशय पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार के क्षेत्र से बाल विवाह की जानकारी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाष बसेर को सचिवों व सरपंचों को पाबंद करने के भी निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि सजग रहते हुए हमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। बाल अधिकारिता विभाग के नानूराम रोत ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम चलाये जायेंगे। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दिलीप रोकड़िया ने कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्र है।

ज्ञापन सौंपा

डूंगरपुर, (निसं)। विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश पंड्या केंद्रीय सदस्य किरीट पंड्या के नंदलाल पंड्या, मांगीलाल पंचाल, हरीश सोमपुरा गुणवंत भावसार, हरीशचंद्रसिंह ने विद्युत भवन में सहायक लेखाधिकारी प्रकाश डोडियार को अजमेर निगम के निर्देश की प्रति सौंपी और मांग की,जो निर्देश अजमेर निगम ने जारी किए हैं उनकी पालना की जावे।

इन निर्देश में पेंशनर के 70-75-80 साल पूरे होने पर स्वत ही वेतन वृद्धि करने मेडिकल बिल का रजिस्टर में इंद्राज कर तीन दिन में भुगतान करने अधिक राशि वाले बिल की महीने में दो। तीन बैठक कर स्वीकृति जारी करने जीवित प्रमाण पत्र लेने और सभी पेंशनर के परिचय पत्र कार्ड कार्यालय में जमा पेंशन फाईल के फोटो पीपीओ नंबर से जल्दी जारी करने और पेंशनर को हर माह पेंशन स्लिप देने मेडिकल में अनावश्यक आपत्ति नहीं लगाने की मांग की है।

विद्यापीठ में दीक्षांत समारोह आज

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे डबोक स्थित एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा।

समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यापीठ की विकास यात्रा व नये पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे कार्यकाल के दौरान यह 18वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसका श्रेय में यहाँ के कार्यकर्ताओं को देना चाहूंगा। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पीएचडीधारको को उपाधियाँ एवं स्नातक - स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, एमपीयूएटी के कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक होंगे जबकि अध्यक्षता कुलाधिपति प्रो. भंवर लाल गुर्जर करेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि समारोह में 93 पीएचडी धारकों को उपाधि एवं 90 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा जायेगा। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने बताया कि समारोह से पूर्व केन्द्रीय मंत्री को एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। गुरूवार को अकादमिक प्रोसेसन का मिनिट टू मिनिट पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें एकेडमिक कौन्सिल, एग्जीक्युटिव कौन्सिल (बॉम) के सदस्य सहित डीन डायरेक्टर ने भाग लिया। अकादमिक कार्यकर्ता को निर्धारित ड्रेस कोड व उपाधिधारकों को सफेद कुर्ता, पाजामा तथा छात्राओं के लिए सफेद सलवार कुर्ता या साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि दीक्षांत समारोह में सार्वजनिक क्षेत्रों में किए गये नवाचारों को लेकर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को डी.लिट की उपाधि से नवाजा जायेगा।

कुलपति सारंगदेवोत ने प्रेसवार्ता में दीक्षांत समारोह की जानकारी दी।

डॉ अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

राजसमन्द, (निसं)। अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर जिला मुख्यालय पर होने वाली दलित स्वाभिमान महारैली को लेकर तैयारियां जोरों पर जारी हैं तथा विभिन्न संगठनों से जुडे पदाधिकारी व कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

संयुक्त दलित मंच संयोजक एसएल भाटी ने बताया कि महारैली में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से दलित व आदिवासी वर्ग के लोग शामिल होंगे। इसके तहत केलवा, पीपरडा व महासतियों की मादडी चौराहा से सुबह 8 बजे वाहन रैलियां निकलेगी जिनमें इन सम्बन्धित क्षेत्रों से लोग सम्मिलित होकर कांकरोली बालकृष्ण स्टेडियम आएंगे। स्टेडियम से सुबह 10 बजे महारैली रवाना होगी। इन रैलियों व मुख्य महारैली के सुचारू संचालन एवं इससे जुडी व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसके तहत पीपरडा के लिए जगदीशचन्द्र सालवी, किशोर सालवी, ख्यालीलाल, सुरेशचन्द्र, भैरूलाल, दिनेशचन्द्र व शम्भूलाल को रैली प्रभारी बनाया गया हैं। वहीं केलवा से आने वाली रैली का जिम्मा लक्ष्मण सांवरिया व किशनलाल सालवी सम्भालेंगे। जबकि महासतियों की मादडी रैली के लिए भीमसेना जिला उपाध्यक्ष अर्जुनलाल पाटवाल व पूर्व जिलाध्यक्ष लालूराम बैरवा तथा प्रतापपुरा क्षेत्र के लिए नारायण लाल पडियार प्रभारी होंगे। मुख्य महारैली का प्रभार अखिल भारतीय भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, दलित आदिवासी एकता परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड को सौंपा गया हैं। भाटी ने बताया कि दलित स्वाभिमान महारैली स्टेडियम से रवाना होकर मुख्य मार्गो पर होते हुए 1०० फिट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल पहुंचेगी जहां प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन कार्यक्रम होगा। इधर, कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वरिष्ठ किशन कबीरा, भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, संयुक्त दलित मंच जिला संयोजक एसएल भाटी, अजाक जिलाध्यक्ष पीके बुनकर, भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सालवी, दलित आदिवासी एकता परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड आदि के साथ कार्यकर्ता इन तीनों रैलियों एवं विशेषज्ञ रूप से महारैली से जुडी तमाम व्यवस्थाओं को लेकर जुटे हुए हैं। इसके अलावा मुख्य रूप से जिला स्तरीय आयोजन में अधिकाधिक जन भागीदारी के लिए रूपरेखा बनाकर कार्य किया जा रहा हैं। कार्यकर्ता शहर सहित सभी क्षेत्रों में गांव-गांव तक जन सम्पर्क कर रहे हैं। गांवों में स्थानीय कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा हैं।

डूंगरपुर में बांधे परिंडे

डूंगरपुर, (निसं)। एमएमबी ग्रुप की ओर से कौमी एकता के प्रतिक हजरत मस्तान बाबा कि याद में परिंडे बांधने के अभियान की शुरुआत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के पुलिस लाइन स्थित आवास पर की। ग्रुप सदर मकरानी ने बताया कि ग्रुप मस्तान बाबा की पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का अभियान उन जगहों पर करता है जहां दाना पानी की व्यवस्था हो सकती है।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/255 दिनांक : 7/04/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री गजेन्द्र सोनी पिता श्री दुष्यन्त सोनी, नानीजी का बाग नाथद्वारा, जिला-राजसमंद	भूखण्ड संख्या-04 क्षेत्रफल-1325 वर्गफीट, वल्लभ विहार, कोठारिया रोड ,नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-03	भूखण्ड संख्या-05	100 फिट रोड	भूखण्ड संख्या -09
		भूखण्ड संख्या-09 क्षेत्रफल-875 वर्गफीट, वल्लभ विहार, कोठारिया रोड ,नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-10	भूखण्ड संख्या-08	भूखण्ड संख्या -04	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/258 दिनांक : 7/04/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री गणपत सिंह चुण्ड़ावत पिता श्री रणजीत सिंह चुण्ड़ावत, परावल बागोल नाथद्वारा, जिला-राजसमंद	भूखण्ड संख्या-23 क्षेत्रफल-1000 वर्गफीट, भगवती विहार, भलावतो का खेडा ,नाथद्वारा	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या -40	भूखण्ड संख्या -22	भूखण्ड संख्या -24
2	श्री महावीर सिंह चुण्ड़ावत पिता श्री रणजीत सिंह चुण्ड़ावत, परावल बागोल नाथद्वारा, जिला-राजसमंद	भूखण्ड संख्या-24 क्षेत्रफल-1000 वर्गफीट, भगवती विहार, भलावतो का खेडा ,नाथद्वारा	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या -39	भूखण्ड संख्या -23	भूखण्ड संख्या -25

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपनि/निर्माण/25-26/112 दिनांक 07/04/2025

निविदा सूचना नं. 01/2025-26

नगर परिषद निम्बाहेडा द्वारा निम्नांलिखित कार्यो के राज्य/केन्द्र सरकार से पंजीकृत फर्मो एवं अनुभवी ठेकेदारो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईटhttps://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526A0202 पर भी देख सकते है :-

कार्य निविदा के कार्य	कुल 2 कार्य
निविदा की अनुमानित लागत	राशि 19.80 लाख रूपये
ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक	05.04.2025 प्रातः 10.00 बजे से
ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक	16.04.2025 प्रातः 10.00 बजे से
ऑन लाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक	16.04.2025 प्रातः 09.00 बजे से
तकनीकी बिड खोलने की दिनांक	17.04.2025 दोपहर 2.00 बजे
वित्तीय बिड खोलने की दिनांक	तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात
Unique Bid Number	(DLB2526SSRC00772) (DLB2526SSRC00775)

(विकास पंचोली) प्रशासक नगर परिषद निम्बाहेड़ा

(कौशल कुमार खटूमरा) आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा

कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपनि/निर्माण/25-26/113 दिनांक 07/04/2025

निविदा सूचना नं. 02/2025-26

नगर परिषद निम्बाहेडा द्वारा निम्नांलिखित कार्यो के राज्य/केन्द्र सरकार से पंजीकृत फर्मो एवं पात्रता रखने वाले अनुभवी ठेकेदारो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईटhttps://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526A0204 पर भी देख सकते है :-

कार्य निविदा के कार्य	कुल 12 कार्य
निविदा की अनुमानित लागत	राशि 118.41 लाख रूपये
ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक	05.04.2025 सांय 05.00 बजे से
ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक	16.04.2025 प्रातः 10.00 बजे से
ऑन लाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक	16.04.2025 प्रातः 09.00 बजे से
तकनीकी बिड खोलने की दिनांक	17.04.2025 दोपहर 1.00 बजे
वित्तीय बिड खोलने की दिनांक	तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात
Unique Bid Number	(DLB2526SSRC00772) (DLB2526SSRC00775)

(DLB2526SSRC00795), (DLB2526SSRC00796), (DLB2526SSRC00798) (DLB2526SSRC00801), (DLB2526SSRC00